BIHAR CURRENT AFFAIRS

64 BPSC & OTHER BIHAR STATE EXAMINATION

PART -2

बिहार कैबिनेट ने महा दलित विकास मिशन के लिए 105 करोड़ रुपये दिए जाने को मंज़ूरी दी

- महादलितों के उत्थान के लिए 2007 में बिहार सरकार ने महादलित विकास मिशन का गठन किया था।
- यह मिशन 2010 से कार्य करने लगा।
- मिशन को विकास मित्रों की नियुक्ति, सामुदायिक भवन सह कार्य शेड का निर्माण, सहायता कॉल केंद्र की स्थापना, विशेष विद्यालय सह छात्रावास का निर्माण, दशरथ मांझी कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री महादलित रेडियो योजना के तहत रेडियो वितरित करने, मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत पोशाक का वितरण करने की बिहार सरकार ने स्वीकृति दी थी।

बिहार रेजीमेंट और वायुसेना की 6 स्क्वाड्रन को सौंपा गया INS विक्रमादित्य

- भारतीय नौसेना के सबसे बड़े और एकमात्र विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रमादित्य को औपचारिक रूप से भारतीय सेना की अत्यधिक सम्मानित और युद्ध कौशल से युक्त बिहार रेजीमेंट तथा भारतीय वायुसेना की छह नंबर स्क्वाड्रन को सौंप दिया गया है।
- जगुआर लड़ाकू विमानों से लैस इंडियन नेवल शिप (आइएनएस) विक्रमादित्य समुद्री सुरक्षा के लिए काम करता है।

INS विक्रमादित्य

- आई एन एस (INS) विक्रमादित्य पूर्व सोवियत विमान वाहक एडमिरल गोर्शकोव का नया नाम है, जो भारत द्वारा हासिल किया गया है।
- 16 नवम्बर 2013 को इसे भारतीय नौसेना में सेवा के लिए शामिल कर लिया गया था।

- इसने भारत के एकमात्र सेवारत विमान वाहक पोत आई एन एस विराट का स्थान लिया है।

बिहार दिवस

- 22 मार्च को बिहार ने 106वां बिहार दिवस मनाया|
- बिहार 22 मार्च 1912 को बंगाल प्रेसिडेंसी से अलग होकर एक राज्य बना था। इसलिए विश्वभर में जहां जहां बिहार के लोग हैं वह इस दिन को बिहार दिवस के रूप में मनाते हैं।
- 1912 में बंगाल के विभाजन के बाद बिहार अस्तित्व में आया।1935 में उड़ीसा इससे अलग किया गया था। जबकि बिहार का विभाजन एक बार और 2000 में हुआ और फिर इससे झारखंड बना|

मधुबनी रेलवे स्टेशन को दूसरे सबसे खूबसूरत स्टेशन का दर्जा मिला

- भारतीय रेलवे ने देशभर के उन स्टेशनों के नाम आमंत्रित किये गए, जिनका सबसे अच्छा सौंदर्यीकरण किया गया है।
- पूरे 11 जोन से 62 स्टेशनों के नाम आये।
- इन 62 स्टेशनों में से पहला 10 लाख रूपये का पुरस्कार महाराष्ट्र के बल्लारशाह और चंद्रपुर रेलवे स्टेशन को दिया गया।
- दूसरा पांच लाख रूपये का पुरस्कार पूर्व मध्य रेलवे के मधुबनी स्टेशन और दक्षिण रेलवे के मदुरै स्टेशन को दिया गया।
- तीसरा तीन लाख रूपये का पुरस्कार पश्चिमी रेलवे के गांधीधाम, पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा और दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद को दिया गया।
- मधुबनी स्टेशन पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में ‘‘ए‘‘ श्रेणी का स्टेशन है।

- विश्वप्रसिद्ध पारंपरिक कला, मधुबनी शैली की चित्रकारी अब मधुबनी स्टेशन को सुशोभित कर रही है|
- मिथिला पेंटिंग मिथिलांचल के मधुबनी, सीतामढ़ी एवं दरभंगा जिलों के आम जन में समान रूप से लोकप्रिय है।
- इसका उद्देश्य सिर्फ स्टेशन को सुशोभित करना नहीं, बल्कि स्थानीय कलाकारों के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्षित कर इस पारंपरिक कला के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

<u>एनडीएमए ने पटना हवाई अड्डे पर सीबीआरएन आपात स्थिति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया</u>

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने पटना के लोक नायक जयप्रकाश हवाई अड्डे पर एक बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।
- पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सीआरबीएन यानी रासायनिक, जीव वैज्ञानिक रेडियोधर्मी तथा परमाणु सामग्री से उत्पन्न आपात स्थिति से निपटने की तैयारी में वृद्धि करना था।
- यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसन एंड एलाइड सांइसेज (इन्मास) के सहयोग से चलाया गया।
- इससे पहले इस तरह का कार्यकम चेन्नई, कोलकता, मुंबई तथा वाराणसी में किया जा चुका है।

<u>'मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्सान योजना</u>

- पिछड़ी जातियों के विद्यार्थियों को केंद्र लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने यह योजना शुरू की है|
- बीपीएससी की परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार को को 50,000 रुपये दिए जाएंगे|
- यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार को 1,00,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी|
- योजना के लिए क्या हैं शर्तें?
  1.उम्मीदवार बिहार का रहने वाला होना चाहिए
  2. यूपीएससी और बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए
  3. उम्मीदवार अत्यंत पिछड़ी जाति का होना चाहिए

<u>'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान कार्यक्रम'</u>

- सरकार ने बालिकाओं के संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन को ध्यान में रखकर 'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान कार्यक्रम' की शुरुआत करने का फैसला लिया है|
- एक यूनिवर्सल कवरेज योजना है, अर्थात राज्य की सभी कन्याओं को जन्म से लेकर स्नातक पास होने तक के लिए होगी.
- इस योजना का लाभ परिवार के दो बच्चों तक ही सीमित रहेगा.
- उद्देश्य
- इस योजना का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, कन्याओं के जन्म, निबंधन और संपूर्ण टीकाकरण को प्रोत्साहित करना, लिंग अनुपात में वृद्धि लाना, बालिका शिशु मृत्यु दर को कम करना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना,

बाल विवाह पर अंकुश लगाना और कुल प्रजनन दर में कमी लाना भी शामिल है|

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम (बीएससीसीएस)

- बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम (बीएससीसीएस) का लाभ ऐसे विद्यार्थी उठा सकते हैं, जो 12वीं की परीक्षा पास कर चुके हैं|
- इस योजना के तहत गरीब छात्रों को बैंक से आगे की पढ़ाई के लिए लोन मिलता है|
- इस योजना के तहत लिए गए कर्ज की गांरटर राज्य सरकार खुद है|
- इस योजना के तहत विद्यार्थी बैंक से 4 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं|
- राज्य सरकार ने इसके लिए एक दर्जन से ज्यादा बैंकों के साथ समझौता किया है|

सोलर स्टडी लैंप योजना

- केंद्र सरकार जुलाई से यूपी समेत कुल 5 राज्यों में सोलर स्टडी लैंप योजना शुरू की शुरुआत की है|
- इस योजना के अंतर्गत स्टूडेंट को पढ़ाई के लिए फ्री में सोलर स्टडी लैंप दिए जाएंगे।
- देश के 70 लाख स्टूडेंटस को इस योजना का सीधे तौर पर फायदा मिलेगा।
- सौर स्टडी लैंप योजना सबसे पहले 5 राज्यों उत्तर प्रदेश, असम, बिहार, ओडिशा और झारखंड में लागू की जाएगी। इसके बाद बाकी बचे राज्यों में इस योजना को लागू किया जाएगा।
- सोलर लैंप की असेम्बलिंग आईआईटी मुंबई द्वारा की जाएगी

- ## बिहार बजट 2018-19

बिहार के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सुशील मोदी द्वारा बिहार का बजट पेश किया गया था|

मुख्य बिंदु

- 1 लाख 76 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया
- शिक्षा के लिए 32 हजार 125 करोड़ का बजट
- ऊर्जा क्षेत्र के लिए 10 हजार 257 करोड़
- 1500 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य कराया जाएगा
- सभी मेडिकल कॉलेज में Eye Bank खोले जाएंगे
- नए इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जाएंगे
- 11 हजार 203 करोड़ के राजकोषीय घाटे का अनुमान
- पटना के मोइन-उल-हक स्टेडियम को विकसित किया जाएगा
- ग्रामीण कार्य विभाग का बजट 10 हजार 505 करोड़ निर्धारित
- नगर विकास के लिए 4 हजार 413 करोड़ का बजट
- 60 करोड़ की लागत से राजगीर में जू सफारी बनाया जाएगा
- बिहार में तीन निजी विश्वविद्यालयों की शुरूआत
- तीन नए सरकारी विश्वविद्यालय खुलेंगे
- आइजीआइएमएस में 120करोड़ की लागत से कैंसर संस्थान बनेगा
- गंगा नदी पर 676 करोड़ की लागत से छह लेन पुल

- पटना से भागलपुर तक गंगा के किनारे जैविक खेती
- जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रति किसान 6000 रुपये दिए गए
- बिहार में तीन नए कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना होगी
- जिलों में एएनएम कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज की होगी स्थापना
- राज्य में नए पॉलिटेक्निक कॉलेज का होगा निर्माण

Practice BPSC Mock Tests here

Watch Video of BPSC Study Plan

Uttar Pradesh GK के टेस्ट देने के लिए अभी क्लिक करें

UPPSC 2018 टेस्ट देने के लिए अभी क्लिक करें